हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार 6 अप्रैल 2026

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]


तापमान

अधिकतम 32 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री


4 छत्तीसगढ़ की सीमा में नहीं घूम रहा एक भी हथियारबंद नक्सली: अरुण देव





## खबर संक्षेप

### केन्द्रीयकृप परीक्षा का समापन आज

**बैकुण्ठपुर।** केन्द्रीयकृत आठवीं की परीक्षा 6 अप्रैल को अंतिम पेपर के साथ समाप्त हो जाएगा वहीं केन्द्रीयकृत पॉचवीं की परीक्षा बीते 25 मार्च को ही समाप्त हो गया था। इसके साथ ही उक्त दोनों परीक्षाओं के उत्तर पुस्तिकाओं केमूल्यांकन का कार्य भी शुरू हो गया है। जानकारी के अनुसार केन्द्रीयकृत पांचवीं एवं आठवीं कक्षा के उत्तरउपुस्तिकाओं का मूल्यांकन बीते वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूरा किया जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार उक्त दोनों कक्षाओं के उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन में बड़ी संख्या में शिक्षकों को मूल्यांकनकर्ता के रूप में ड्यूटी लगाई गई है और विकासखंड बदलकर उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जाएगा यानी बैकुंठपुर विकासखंड की उत्तर पुस्तिका सोनहत तथा सोनहत विकासखंड़ की उत्तर पुस्तिकाओं की जांच बैकुंठपुर में किया जाएगा। उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए समय-सीमा निर्धारित कर दी गई है, ताकि समय पर उक्त दोनों कक्षाओं के नतीजे जारी किए जा सके और विद्यार्थियों को अंकसूची प्रदान की जा सके।

### वाहन की टक्कर से गंभीर युवक की मौत

**अम्बिकापुर।** वाहन की टक्कर से गंभीर हुए बाइक सवार युवक की ऑपरेशन के कुछ समय बाद मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार सन्ना थाना अंतर्गत ग्राम चलनी निवासी रैनू लकड़ा आ. जयराम लकड़ा (30 वर्ष) एक सप्ताह पूर्व अपने ससुराल ग्राम बादा शंकरगढ़ गया था। 2 अप्रैल को रैनू गांव के ही वीरेन्द्र व अनोज के साथ ग्राम डीपाडीह से वापस बादा आ रहे थे। इसी बीच रास्ते में शाम 7 बजे बोलेरो क्रमांक सीजी 10 एफ 1090 का चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार तीनों युवक घायल हो गए। घायलों को शंकरगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने रैनू लकड़ा की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। जहां 3 अप्रैल को चिकित्सकों ने युवक के पेट का ऑपरेशन किया जिसके कुछ समय बाद युवक की मौत हो गई।

### फांसी लगाकर ग्रामीण ने की खुदकुशी

**अम्बिकापुर।** ग्राम बलसेढ़ी निवासी धनेश्वर आ. अम्बिका प्रसाद (40 वर्ष) शुक्रवार को शराब के नशे में धुत हो कर घर आया और पत्नी व बेटी के साथ गाली गलौज करने लगा। घर में हल्ला गुल्ला सुन पिता अम्बिका प्रसाद आया और बेटा को शांत रहने की बात कहकर अपने घर चला गया। इधर पत्नी और बेटी भी बोरवेल में स्नान करने चली गई। स्नान करने के बाद दोनों घर पहुंचे तो उनके होश उड़ गए। धनेश्वर फांसी में लटका हुआ था। परिजन धनेश्वर को तत्काल शहर के निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया।

### आंदोलन की दी चेतावनी, प्रबंधन के फैसले पर टिकी निगाहें

# संडे अवकाश बंद होने से भड़के कामगार

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी




एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र अंतर्गत चरचा माइन आरओ में कार्यरत सभी कामगारों का संडे बंद किए जाने से क्षेत्र में श्रमिकों के बीच भारी नाराजगी व्याप्त हो गई है।

प्रबंधन के इस फैसले से न केवल कामगारों का आक्रोश बढ़ा है, बल्कि उनके आर्थिक हालात पर भी सीधा असर पड़ा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुछ दिन पूर्व कटगोड़ी साफ्ट में कार्यरत कर्मचारियों ने संडे अवकाश नहीं मिलने के विरोध में कार्य का बहिष्कार किया था, इसके बाद प्रबंधन द्वारा चार कामगारों को मौखिक रूप से चरचा ईस्ट से चरचा वेस्ट स्थानांतरित कर दिया गया, इससे कर्मचारियों में असंतोष और बढ़ गया। इसी मुद्दे को लेकर 1 अप्रैल को लगभग 200 से अधिक कामगार श्रमवीर स्टेडियम में एकत्रित हुए और जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। इसके पश्चात सभी कर्मचारी क्षेत्रीय विधायक भईयालाल राजवाड़े के पास पहुंचे, जहां विधायक के माध्यम से उन चारों कामगारों को यथावत रखने की मांग रखी गई। हालांकि कामगारों का आरोप है कि उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय लेने के बजाए एसईसीएल प्रबंधन ने उल्टा चरचा में कार्यरत सभी कर्मचारियों का संडे ही बंद कर दिया। इस निर्णय से कामगारों को प्रतिमाह लगभग 20 हजार रूपए तक का आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। कामगारों का कहना है कि यह फैसला पूरी तरह श्रमिक विरोधी है और इससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द ही संडे बहाल नहीं किया गया तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रबंधन की होगी। कामगारों ने कहा कि संडे बंद होने से उन्हें काफी नुकसान झेलना पड़ रहा है, इससे शारीरिक और मानसिक नुकसान हो रही है।

कामगारों ने आरोप लगाया कि प्रबंधन उनकी समस्याओं को सुनने के बजाए दबाव बनाने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने मांग की है कि जिन चार कामगारों का स्थानांतरण किया गया है, उन्हें तत्काल पूर्व स्थान पर बहाल किया जाए तथा सभी कर्मचारियों का संडे संडे पुनः शुरू किया जाए। इस पूरे मामले को लेकर क्षेत्र में श्रमिक संगठनों की भी नजर बनी हुई है। यदि जल्द ही समाधान नहीं निकला तो यूनियन स्तर पर बड़े आंदोलन की संभावना जताई जा रही है। फिलहाल कामगारों में आक्रोश बना हुआ है और सभी की निगाहें प्रबंधन व जनप्रतिनिधियों के अगले कदम पर टिकी हैं।

# चिरमिरी-रीवा एक्सप्रेस को प्रतिदिन चलाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

क्षेत्र की जनता की लंबे समय से चली आ रही महत्वपूर्ण मांग को गंभीरता से लेते हुए कोरिया लोकसभा क्षेत्र की सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर चिरमिरी-रीवा एक्सप्रेस को प्रतिदिन संचालित किए जाने की मांग की है।



■ सांसद श्रीमती महंत ने रेल मंत्री को लिखा पत्र

सांसद श्रीमती महंत ने अपने पत्र में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया है कि चिरमिरी-रीवा एक्सप्रेस इस क्षेत्र के हजारों यात्रियों के लिए जीवनरेखा के समान है। कोविड-19 महामारी से पूर्व यह ट्रेन प्रतिदिन संचालित होती थी, जिससे आमजन, विद्यार्थी, कर्मचारी एवं व्यापारियों को आवागमन में अत्यंत सुविधा प्राप्त होती थी। वर्तमान में इस ट्रेन का सीमित दिनों में संचालन होने के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने रेल मंत्री से आग्रह किया है कि जनहित एवं क्षेत्रीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए इस ट्रेन को शीघ्र प्रभाव से प्रतिदिन संचालित करने के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए जाएं, ताकि क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके और उनका दैनिक जीवन सुगम हो सके। जिला कांग्रेस अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने सांसद श्रीमती महंत के इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि यह मांग पूरी तरह जनभावनाओं से जुड़ी हुई है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मनेन्द्रगढ़ शहर सौरव मिश्रा ने कहा कि यह ट्रेन विद्यार्थियों, नौकरी पेशा लोगों और व्यापारियों के लिए अत्यंत आवश्यक है, इसके नियमित संचालन से क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास को भी गति मिलेगी।

# 35 पाव देशी शराब के साथ आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**जांजगीर-चांपा।** पुलिस ने दबिश देकर एक आरोपी के कब्जे से 35 पाव देशी शराब पकड़ा है। आरोपी के विरूद्ध धारा आबकारी एक्ट के तहत न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। मामला बलौदा थाना अंतर्गत नवगंवा का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पुलिस द्वारा अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना बलौदा पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर आरोपी हीरालाल केवट उम्र 55 साल निवासी ग्राम नवगवां थाना बलौदा के कब्जे से 35 पाव देशी प्लेन शराब जब्त किया गया। उक्त शराब की कीमत 2800 रूपये बताई जा रही है। पुलिस ने शराब बरामद कर धारा आबकारी एक्ट के तहत विधिवत कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# सूने घर का ताला तोड़कर चोरी, 27 हजार नकद व पायल पार

**चरचा कॉलरी।** क्षेत्र के मस्जिद लाइन वार्ड क्रमांक 12 में शनिवार की रात एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए अज्ञात बदमाश ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पीड़ित नेक मोहम्मद उर्फ राजा ने बताया कि 4 अप्रैल की रात जब वह अपने घर वापस लौटे, तो उन्होंने देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है।





इसी दौरान उनके साथ मौजूद एक दोस्त ने भी स्थिति की पुष्टि की। जब उन्होंने दरवाजा खोलकर अंदर प्रवेश किया, तो घर के पीछे वाले दरवाजे के बंद होने की आवाज सुनाई दी। शक होने पर उनका दोस्त तुरंत पीछे की ओर दौड़ा। उसने दरवाजे के ऊपर से झांककर देखा तो एक युवक को दीवार कूदकर भागते हुए देखा। दोस्त ने मौके पर ही आवाज देकर बताया कि भागने वाला व्यक्ति मोहम्मद फिरोज अंसारी उर्फ सोनू है। इसके बाद नेक मोहम्मद भी घर के पीछे की ओर दौड़े, लेकिन तब तक आरोपी फरार हो चुका था। घर की तलाशी लेने पर एक पायल और करीब 27 हजार रूपए नकद गायब पाए गए। पीड़ित ने घटना की जानकारी पुलिस को देने की बात कही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में इस प्रकार की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं, जिससे लोगों में असुरक्षा की भावना बनी हुई है।

उन्होंने पुलिस से जल्द कार्रवाई कर आरोपी को पकड़ने और चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग की है। पीड़ित नेक मोहम्मद उर्फ राजा ने बताया कि घटना के बाद आसपास के लोगों को भी इसकी जानकारी दी गई, जिसके बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सभी ने घटना पर चिंता जताते हुए सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए। स्थानीय निवासियों ⏭ शेष पेज 4 पर

# होटल की इमारत ढहने से एक की मौत

**अनूपपुर।** जिले के कोतमा नगरपालिका क्षेत्र में रविवार को एक हृदय विदारक घटना सामने आई है, जहां एक होटल की पुरानी इमारत अचानक जमींदोज हो गई। इस भीषण हादसे में एक नागरिक की मलबे में दबने से मौत हो गई है, जबकि तीन लोगों को रेस्क्यू टीम ने सुरक्षित बाहर निकाल लिया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए प्रशासन को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और राहत दल सक्रिय हो गए हैं। मौके पर कलेक्टर हर्षल पंचोली और पुलिस अधीक्षक मोतीउर्र रहमान भारी पुलिस बल के साथ मौजूद हैं। मलबे में दबे अन्य लोगों की तलाश के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन युद्ध स्तर पर चलाया जा रहा है। राहत कार्य में न केवल सरकारी तंत्र बल्कि निजी कंपनियों की टीमें भी जुटी हुई हैं। हादसे की गंभीरता को देखते हुए कोतमा विधायक और मध्य प्रदेश शासन के मंत्री दिलीप जायसवाल तत्काल घटना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने स्थिति का जायजा लिया और अधिकारियों को मलबे से सुरक्षित लोगों को निकालने तथा घायलों के समुचित उपचार के सख्त निर्देश दिए हैं। खबर लिखे जाने तक मंत्री और जिले के आला अधिकारी मौके पर ही डटे हुए हैं।



# आठ माह बीतने के बाद भी शिकायत का निराकरण नहीं

**बैकुंठपुर।** जनता के शिकायतों पर यदि जिला प्रशासन द्वारा गंभीरता से शिकायतों की जांच व निराकरण नहीं किया जाता है तब जनता का भरोसा प्रशासन से टूटने लगता है।

■ आंगनबाड़ी की सहायिका परेशान, नहीं हो रही सुनवाई

जिला प्रशासन भले ही जन शिकायतों के निराकरण के लिए बड़े-बड़े दांवे करते हो, लेकिन पीड़ितों को समय पर न्याय नहीं मिलने से पीड़ितों का विश्वास प्रशासन से कम होने लगता है। ऐसा ही मामला एमसीबी जिले के एक पीड़ित की है, जिसे बिना उचित कारण व नोटिस दिए ही आंगनबाड़ी केन्द्र की सहायिका पद से काम से बाहर कर दिया गया था, इसके बाद पीड़िता एमसीबी जिला प्रशासन के पास शिकायत कर अपने मामले का निराकरण करने की मांग की, लेकिन 8 माह से आवेदन देने के बाद भी अब तक शिकायत का निराकरण नहीं किया गया और पीड़िता 10 माह से बहाली के इंतजार में है। यह मामला जिला प्रशासन को यह बताने के लिए काफी है कि प्रशासनिक दावों और जमीनी हकीकत के ⏭ शेष पेज 4 पर

## सवालों के घेरे में प्रशासन

एक तरफ सरकार महिला सशक्तिकरण और पारदर्शी प्रशासन की बात करती है,लेकिन दूसरी ओर एमसीबी जिले की महिला कर्मी अपनी शिकायत निराकरण के लिए कई महीनों का इंतजार करना पड़ रहा है, ऐसे में सवाल यह उठता है कि एमसीबी जिला प्रशासन की घोर लापरवाही के कारण कुमारी कृष्णा जैसे जिले के कई पीड़ितों को न्याय के लिए दफ्तरों के चक्कर काटते - काटते आर्थिक व मानसिक रूप से परेशान होना पड़ता होगा।

## कलेक्टर का दो दिन का वादा, बीते कई दिन

अपने मामले में आवेदन पर आवेदन देने के महीनों बाद भी काम से निकाली गई। सहायिका कुमारी कृष्णा सिंह ने बीते 30 मार्च को कलेक्टर एमसीबी से व्यक्तिगत मुखातिब होकर अपनी समस्या बताई और दिए गए आवेदन की कापी उन्हें देकर स्थिति से अवगत कराई तो कलेक्टर एमसीबी ने पीड़िता को आश्वासन दिया कि दो दिन में आपके पास फोन आएगा और समस्या का समाधान होगा, लेकिन एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी कुमारी कृष्णा के फोन की घंटी नहीं बजी।

## जनदर्शन भी साबित हुआ बेअसर

प्रशासन से शिकायत पर भी कोई कार्रवाई नहीं होने का मामला एमसीबी जिले के खड़गवां परियोजना अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र नेवरी के घोकवापारा में नवनियुक्त सहायिका कुमारी कृष्णा सिंह का है, जिसे बिना उचित कारण व नोटिस दिए ही नियुक्ति के लगभग 5 माह बाद जून 2025 से काम पर नहीं आने को मौखिक रूप से कहा गया था, इसके बाद सहायिका ने 22 अगस्त 2025 को कलेक्टर कार्यालय के आवक जावक में अपनी शिकायत देकर मामले का निराकरण करने की मांग की। इस पर भी किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं हुई तब 11 नवंबर 2025 को कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन देकर मामले की निराकरण की मांग की है। इस पर भी कुछ कार्रवाई नहीं होने पर दुबारा कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन देकर समस्या से अवगत कराया, जिस पर पुराने टोकन नंबर पर ही शिकायत को जांच में लेने की बात कही गई। इस तरह 8 माह बीत जाने के बाद भी शिकायत की कोई कार्रवाई अब तक नहीं हुई।






### 1 अप्रैल से शहर में कई जगहों पर खुले हैं प्याऊ

# प्रतीक्षा बस स्टैण्ड में खुले सार्वजनिक प्याऊ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर द्वारा शहर क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर निःशुल्क प्याउ का शुभारंभ 1 अप्रैल को किया गया, ताकि राहगीरों को गर्मी के दिनों में पेयजल सुलभ हो सके।


■ नपा प्रशासन से पहल की मांग




नपा के इस पहल का जब जायजा लिया गया तो शहर के प्रमुख सार्वजनिक जगहा जहां पर लोगों की आवाजाही अधिक रहती है, उस जगह पर निःशुल्क सार्वजनिक प्याउ खुला ही नहीं है, जबकि नपा को ऐसे प्रमुख सार्वजनिक स्थल पर निःशुल्क प्याउ खोलना चाहिए, जहां पर अधिक लोगों की आवाजाही रहती है। जानकारी के अनुसार शहर के प्रतीक्षा बस स्टैंड जहां दिनभर में दर्जनों बसे आवाजाही करती है, जिनमें काफी संख्या में यात्रीगण चढ़ते उतरते हैं और वाहनों का इंतजार करने के लिए बैठे रहते हैं, ऐसे प्रमुख भीड़-भाड़ वाले सार्वजनिक स्थल पर नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर द्वारा निःशुल्क सार्वजनिक प्याउ अब तक नहीं खोला, जबकि प्रतीक्षा बस स्टैंड ⏭ शेष पेज 4 पर

## बस स्टैंड सहित प्रमुख जगहों नहीं है प्याऊ

नगर पालिका परिषद द्वारा शहर के विभिन्न 10 जगहों निःशुल्क प्याउ खोला गया है। शहर के व्यस्त और महत्वपूर्ण स्थानों पर अब तक प्याउ की व्यवस्था नहीं होने से राहगीरों को पेयजल के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार प्रतीक्षा बस स्टैंड जहां रोजाना यात्रियों की आवाजाही होती हैं यहां प्रमुखता से प्याउ की व्यवस्था होनी चाहिए थी, लेकिन इस प्रमुख स्थल की उपेक्षा की गई, इसके अलावा गौरव पथ मार्ग पर भी कही पर भी निःशुल्क प्याउ नहीं है, जबकि इस मार्ग पर जनपद कार्यालय, जिला अस्पताल, सिटी कोतवाली स्थित है, इसके चलते इस मार्ग पर लोगों की प्रतिदिन आवाजाही अधिक रहती है, बावजूद इसके इस मार्ग पर नपा की प्याउ नहीं है। शहर के कुमार चौक सहित मुख्य मार्ग के अन्य प्रमुख जगहों पर भी प्याउ नहीं खोले गए।



# 'धुरंधरः द रिवेंज' की बॉक्स ऑफिस पर पकड़ मजबूत

**मुंबई।** डायरेक्टर आदित्य धर की जासूसी थ्रिलर 'धुरंधरः द रिवेंज' बॉक्स ऑफिस पर एक अजेय योद्धा की तरह आगे बढ़ रही है। रिलीज के तीसरे शुक्रवार (16वें दिन) को फिल्म ने न केवल अपनी पकड़ मजबूत रखी, बल्कि दुनिया भर में 1500 करोड़ का जादुई आंकड़ा पार कर एक नया इतिहास रच दिया है। इस फ़िल्म ने पहले ही 'केजीएफः चेप्टर 2' (859.70 करोड़), 'आरआरआर (782.20 करोड़), और 'कल्की 2898 एडी' (646 करोड़) के भारत में हुए कलेक्शन को पीछे छोड़ दिया है। रिपोर्ट के अनुसार, शुक्रवार को 13,317 शो में फ़िल्म की कमाई में 17.8% की बढ़ोतरी दर्ज की गई।



लाइफ Style

# रश्मिका

## पहली फिल्म से मिला हिट करियर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

साउथ फिल्म इंडस्ट्री में कई ऐसी अभिनेत्रियां रही हैं, जिन्होंने 80 के दशक से लेकर अब तक हिंदी सिनेमा की तरफ रुख किया है। श्रीदेवी, जयाप्रदा, हेमा मालिनी और रेखा समेत कई ऐसी अभिनेत्रियां रही हैं, जिनके करियर की नींव दक्षिण भारत में रखी गई लेकिन सफलता उन्हें हिंदी सिनेमा से मिली।

आज के दौर की ऐसी ही अभिनेत्री हैं रश्मिका मंदाना, जिन्होंने दक्षिण भारत में हिट फिल्म देने के बाद पैन इंडिया सफलता पाने में देर नहीं लगाई। 5 अप्रैल को जन्मी रश्मिका तेलुगू और कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री में जाना-माना नाम बन चुकी हैं। उन्होंने फिल्म किरिक पार्टी से 2016 में फिल्मी दुनिया में कदम रखा था और अपनी पहली ही फिल्म से रश्मिका बहुत बड़ी स्टार बन गई थीं। इस फिल्म में अभिनेत्री ने अभिनेता रक्षित शेट्टी के साथ काम किया। 4 करोड़ में बनी फिल्म ने 50 करोड़ की मोटी कमाई की और यह फिल्म रश्मिका के करियर की पहली हिट भी बनी। इस फिल्म में न सिर्फ रश्मिका को अच्छा करियर दिया बल्कि उन्हें रक्षित शेट्टी के रूप में अच्छा पार्टनर भी मिला। दोनों की जोड़ी को कन्नड़ सिनेमा में बहुत पसंद किया जाने लगा और फैंस भी दोनों की जोड़ी को असल जोड़ी के रूप में देखने लगे। आलम ये था कि सेट पर रश्मिका और रक्षित के बीच नजदीकियां बढ़ चुकी थीं। दोनों ने फिल्म के सुपरहिट होने के बाद साल 2017 में सगाई की लेकिन दोनों का रिश्ता एक साल बाद ही टूट गया। अलग होने की वजह दोनों में वैचारिक मतभेद था लेकिन यह बात रक्षित के फैंस को बिल्कुल पसंद नहीं आई।

हॉलीवुड मसाला



# एना की स्केरी मूवी में वापसी

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड की मशहूर हॉरर-कॉमेडी फ्रेंचाइजी 'स्केरी मूवी' इन दिनों सुर्खियों में है। दरअसल, इसका छठा पार्ट बनने जा रहा है। खास बात यह है कि इस फिल्म में एना फेरिस अपने लोकप्रिय किरदार सिंडी कैंपबेल के रूप में वापसी कर रही हैं, जिसे लेकर वह बेहद उत्साहित हैं। एना फेरिस ने कहा, जब मार्लोन वायंस ने मुझे फोन कर बताया कि वे 'स्केरी मूवी' की टीम को फिर से साथ ला रहे हैं, तो इस बात पर एक पल के लिए मुझे यकीन ही नहीं हुआ। यह मेरे लिए खुशी की बात थी।




# बचपन में हो गया था बेहद दुखी : रैडक्लिफ

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड स्टार डैनियल रैडक्लिफ के दुनिया भर में बड़ी संख्या में प्रशंसक हैं। हालांकि, बच्चों का 'हैरी पॉटर' फेम स्टार से खास रिश्ता है। अभिनेता ने अपने बचपन के बारे में खुलकर बात की। इस दौरान उन्होंने बताया कि उनके बचपन में कई पल ऐसे आए, जब वो टूट गए और बेहद दुखी हो गए थे। 'हैरी पॉटर' स्टार ने अपने कल की तुलना आज से करते हुए कहा कि मुझे नहीं लगता कि मेरा बचपन आज के रूप को पहचान पाएगा, क्योंकि अब मुझे जो खुशी मिल रही है, वह पहले नहीं थी। अभिनेता ने बताया, मेरी जिंदगी में ऐसे भी पल आए हैं, जब मैं बहुत ज्यादा दुखी था, खासकर तब जब मैं बहुत छोटा था। उन्होंने बताया, आज मैंने अपना दिन अपने 3 साल के बेटे के साथ सड़क पर टहलते हुए बिताया।



# महाकाल की भक्ति में लीन हुईं कावेरी

**उज्जैन।** अभिनेत्री कावेरी प्रियम उज्जैन स्थित महाकालेश्वर मंदिर बाबा महाकाल के दर्शन के लिए पहुंची। इस दौरान उन्होंने महाकालेश्वर मंदिर में बाबा भोलेनाथ का आशीर्वाद लिया और काफी देर तक हाथ जोड़कर बाबा के भक्ति रस में डूबी नजर आईं। नंदी महाराज के पास मौजूद अभिनेत्री बाबा महाकाल को निहारती नजर आईं। उन्होंने बताया कि वह पिछले तीन सालों से लगातार महाकाल दर्शन के लिए आ रही हैं। यहां की ऊर्जा को शब्दों में बयां करना बहुत मुश्किल है। भस्म आरती के समय जो शक्ति और ऊर्जा मिलती है, वह अलौकिक होती है। उसे महसूस करके ही समझा जा सकता है। यहां आकर मन को बहुत शांति मिलती है। अभिनेत्री कावेरी प्रियम ने 'नागिन 2', 'परदेस में है मेरा दिल' और 'सावधान इंडिया' जैसे शो में छोटी भूमिकाओं के साथ शुरुआत की।




# राजकुमार की 'टोस्टर' का ट्रेलर आउट

**मुंबई।** अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा और राजकुमार राव की आगामी फिल्म 'टोस्टर' का ट्रेलर जारी कर दिया गया है। यह फिल्म एक ऐसे आदमी के बचत करने के पक्के इरादे की कहानी है, जो चाहे कुछ भी हो जाए, बचत करना नहीं छोड़ता है। ट्रेलर में राजकुमार राव रमाकांत नामक प्यारे और सीधे-सादे कंजूस के रोल में दिख रहे हैं। रमाकांत को लगता है कि हर बचाया हुआ रुपया उसकी बड़ी जीत है। वह रोजमर्रा की छोटी-छोटी चीजों से भी ज्यादा से ज्यादा फायदा उठाने की कोशिश करता है और जिस चीज पर एक बार पैसे खर्च कर देता है, उसे आसानी से जाने नहीं देता। रमाकांत बचत करने के मामले में एक बिल्कुल ही नए स्तर पर पहुंच जाता है। कहानी में मोड़ तब आता है, जब रमाकांत और उसकी पत्नी एक शादी में किसी को टोस्टर गिफ्ट करते हैं।

टीवी मसाला

# 'ऑन डिफरेंट ग्राउंड्स' से ग्लोबल मंच पर कदम रखेंगे विनीत रैना



**मुंबई।** छोटे पर्दे के मशहूर अभिनेता विनीत रैना अंतर्राष्ट्रीय फिल्म 'ऑन डिफरेंट ग्राउंड्स' के जरिए ग्लोबल मंच पर कदम रखने जा रहे हैं। यह फिल्म जून महीने में थिएटर्स में रिलीज होने वाली है। अभिनेता का मानना है कि भारतीय कलाकारों को अंतर्राष्ट्रीय फिल्मों में एक बार जरूर काम करना चाहिए। विनीत ने अपनी आगामी फिल्म 'ऑन डिफरेंट ग्राउंड्स' में शामिल होने की पूरी प्रक्रिया बताई। उन्होंने कहा, जब प्रोड्यूसर और राइटर निखिल निधि ने मुझे इस फिल्म का कॉन्सेप्ट सुनाया, तो मैं तुरंत तैयार हो गया। मना करने का कोई कारण ही नहीं था। यह मेरी कला को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाने का शानदार मौका था। एक एक्टर के तौर पर मुझे लगता है कि ऐसे अवसरों को हमेशा हाथ से नहीं जाने देना चाहिए।उन्होंने कहा, इस फिल्म में घाना, दक्षिण अफ्रीका और यूएसए के कई प्रतिभाशाली अंतर्राष्ट्रीय कलाकार काम कर रहे हैं। मेरी को-स्टार अवीना, जो कि मिस यूएसए हैं। उन्होंने कहा, हमें सक्रिय रूप से अंतर्राष्ट्रीय कास्टिंग एजेंसियों से जुड़ना चाहिए और दुनियाभर में मौजूद मौकों को तलाशने चाहिए। रचनात्मकता का यह आदान-प्रदान हमें फिल्म-निर्माण की अलग-अलग शैलियां सीखने में मदद करता है और कलात्मक विकास को बढ़ावा देता है।



# डिवोर्स के बाद हंसिका की नए फेज में एंट्री

**मुंबई।** साउथ एक्ट्रेस हंसिका मोटवानी इन दिनों अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। एक्ट्रेस ने हाल ही में अपने डिवोर्स का ऐलान किया था। वहीं, पति सोहेल खातोरिया से तलाक के बाद अब हंसिका अपनी जिंदगी के नए फेज में एंटर कर चुकी हैं। दरअसल, हंसिका ने हाल ही में सोशल मीडिया पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की,जिनमें वह जापान की खूबसूरत वादियों में छुट्टियां मनाती नजर आ रही हैं। इंटरनेट पर हंसिका के इस ट्रीप की तस्वीरें खूब वायरल हो रही है। इन फोटो में हंसिका काफी रिलैक्स और खुश नजर आ रही हैं. इसके अलावा, वो अपनी मां और भाई के साथ मस्ती करती हुई नजर आ रही हैं। सोशल मीडिया पर फैंस भी हंसिका के इस अंदाज को काफी पसंद कर रहे हैं। हंसिका के इंस्टाग्राम अकाउंट को ध्यान से देखने पर फैंस ने गौर किया कि एक्ट्रेस ने पति सोहेल कथूरिया के साथ की सभी तस्वीरों और वीडियो को डिलीट कर दिया है। यहां तक कि शादी की तस्वीरें भी नजर नहीं आ रही हैं।

# फिल्म 'कप्तान' में अपराधी के किरदार में दिखेंगे सिद्धार्थ

**मुंबई।** अभिनेता सिद्धार्थ निगम इन दिनों एक्शन-क्राइम ड्रामा वेब सीरीज 'कप्तान' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। सीरीज में उन्होंने एक कबीर नाम के आक्रामक, भावुक और दृढ़ निश्चयी अपराधी का किरदार निभाया है। सिद्धार्थ निगम ने बताया कि फिल्म कबीर का रोल मिलने के बाद उन्होंने इमोशनल लेयर्स को बेहतर समझने के लिए एक्टिंग वर्कशॉप की थी।

उन्होंने बताया, इस किरदार में बहुत गहराई और अंदरूनी संघर्ष हैं। वर्कशॉप ने मुझे हर सीन को नई नजर से देखने में मदद की। यह मेरे करियर का अहम पड़ाव था। सिद्धार्थ ने आगे अपने किरदार को रोमांचक बताया। उन्होंने कहा, मेरा रोल चैलेंजिंग नहीं, बल्कि बहुत रोमांचक है। हर



एक्टर लेयर्ड रोल चाहता है, जिसमें एक्शन, इमोशन और हल्का ह्यूमर भी हो। इस स्क्रिप्ट में ये सारे एलिमेंट पहले से थे, इसलिए मुझे सब एक्सप्लोर करने का पूरा मौका मिला। उन्होंने शूटिंग के दौरान आने वाली चुनौतियों के बारे में बताया। अभिनेता ने कहा, शूटिंग के दौरान हमारे लिए सबसे बड़ा चुनौती थी मौसम। हम हर दिन तेज गर्मी में शूटिंग कर रहे थे और उसमें भरपूर एक्शन सीन भी थे। एक बार अंजुम शर्मा के साथ फाइट सीन के दौरान हम यह भी नहीं समझ पा रहे थे कि किसे ज्यादा पसीना आ रहा है।

## 'द कंज्यूरिंग' से 'द शाइनिंग' तक, हर पल होगी धड़कन तेज

# डर से कांप जाएगी रूह, ओटीटी पर देखें हॉरर फिल्में

***मुंबई।** कुछ बेहतरीन हॉरर फिल्म जिन्हें देख आपकी रूह कांप जाएगी। ये सारी फिल्में ओटीटी पर अवेलेब है। अगर आप हॉरर फिल्मों के शौकीन हैं, तो यह लिस्ट आपके लिए बिल्कुल परफेक्ट है। ओटीटी पर मौजूद ये फिल्में अपने डरावने सीन्स और सस्पेंस से आपको पूरी तरह बांध लेंगी। 'द कंज्यूरिंग' से लेकर 'द शाइनिंग' तक, इन फिल्मों का हर पल आपकी धड़कनों को तेज कर देगा और आपको आखिर तक स्क्रीन से हटने नहीं देगा।*

### 'द कंज्यूरिंग' सबसे डरावनी फिल्म

'द कंज्यूरिंग' एक सबसे डरावनी फिल्म मानी जाती है। इस फिल्म को जेम्स वॉन ने डायरेक्ट किया था। फिल्म में वेरा फार्मिगा, पैट्रिक विल्सन और रॉन लिविंगस्टन जैसे स्टार्स नजर आए। इस फिल्म को आप प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

### 2014 में रिलीज फिल्म 'एनाबेल'

साल 2014 में रिलीज हुई फिल्म 'एनाबेल' में दिखाया गया है कि, कैसे एक गुड़िया के सहारे एक शख्स कुछ लोगों की जिंदगी को कठिन बनाता है। फिल्म में एनाबेले वलिस, वार्ड हॉर्टन और अल्फ्रे वुडार्ड ने काम किया। इसे आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।



### 'द शाइनिंग' बेहतरीन हॉरर फिल्म

साल 1980 में रिलीज हुई फिल्म 'द शाइनिंग' एक बेहतरीन हॉरर फिल्म है। इस फिल्म को स्टेनली कूबिक ने डायरेक्ट किया था। फिल्म की कहानी 1977 में द शाइनिंग नाम की बुक पर बेस्ड है, जिसे स्टीफन किंग ने लिखा था। फिल्म में जैक निकोलसन , शेली डुवैल , डैनी लॉयड और स्कैटमैन क्रॉथर्स जैसे स्टार्स नजर आए थे। इस फिल्म को आप ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

### मां और बेटे की कहानी 'द बाबाडूक'

साल 2014 में रिलीज हुई फिल्म 'द बाबाडूक' में एक मां और बेटे की कहानी दिखाई गई है। जिन्हें एक किताब 'मिस्टर बाबाडूक' की वजह से परेशानियां झेलनी पड़ती है। ये फिल्म प्राइम वीडियो पर अवेलेबल है।

### ब्रिटिश हॉरर-थ्रिलर 'द डिसेंट'

'द डिसेंट' एक ब्रिटिश हॉरर-थ्रिलर फिल्म है। यह फिल्म छह महिलाओं की कहानी है, जो एक गुफा की खोज के दौरान फंस जाती हैं। ये फिल्म अपने जबरदस्त सीन्स, खौफनाक माहौल के लिए जानी जाती है। इसे आप जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं।

### 'इंसिडियस' सुपरनैचुरल हॉरर फिल्म

'इंसिडियस' एक सुपरनैचुरल हॉरर फिल्म है और इसे एक बेहतरीन फिल्म माना जाना है। इस फिल्म को जेम्स वॉन ने डायरेक्ट किया था। फिल्म में 'द फर्दर' नाम की एक मिस्टीरियस दुनिया के बारे में दिखाया गया है, जहां आत्माएं बसती हैं। इस फिल्म को आप ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

# मोरक्कन संग 'बेजाफ' में बिखेरेंगी जलवा

**मुंबई।** कहते हैं कि कला की कोई सीमा नहीं होती है और इस बात को अभिनेत्री शहनाज गिल ने सच कर दिखाया है। दरअसल, उन्होंने मोरक्को पॉप स्टार साद लमजारेद के साथ मिलकर 'बेजाफ' गाना बनाया है। इस गाने में भारतीय और मोरक्कन संस्कृति का अनोखा मेल सुनने को मिलेगा। शहनाज ने अपने इंस्टाग्राम पर इस गाने का पोस्टर शेयर किया। पोस्टर में शहनाज और साद लमजारेड दोनों नजर आ रहे हैं, जिसे देखकर फैंस काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं। शहनाज ने पोस्ट कर लिखा, इस साल के पहले क्रॉस-कल्चरल हिट 'बेजाफ' के लिए तैयार हो जाइए। इसका टीजर रविवार सुबह 11 बजे यूट्यूब चैनल पर रिलीज होगा। यह गाना दोनों कलाकारों की क्रॉस-कल्चरल कोलैबोरेशन है। 'बेजाफ' गाने में भारतीय धुनों के साथ मोरक्कन बीट्स और इंस्ट्रूमेंट्स का खास मिश्रण है। इसमें अलग-अलग भाषाओं और संगीत शैलियों का सुंदर संगम है।



## खबर संक्षेप

### सड़क निर्माण में गड़बड़ी का आरोप, जांच की मांग



**पुसौर।** पुसौर जनपद क्षेत्र में मुख्यमंत्री सड़क योजना के तहत बन रहे सड़क की जांच की मांग को लेकर हंगामा खड़ा हो गया है। चूंकि ग्रामीणों द्वारा रोड निर्माण में अनियमितता बरती जा रही है जिसके लिए क्षेत्रीय कांग्रेस नेता भुवनेश्वर साहू ने कलेक्टर को पत्र लिखा है जिसमें आरोप लगाया है कि पुसौर क्षेत्र में कई गांव के पहुंच मार्गों में मुख्यमंत्री सड़क योजना के तहत सड़क निर्माण किया जा रहा है। जिसमें गुणवत्ता स्टीमेट एवं नियमित अनुपात के विरुद्ध मनमाने ढंग से उक्त विभाग द्वारा कार्य किया गया है। आरोप लगाया है कि ग्राम पंचायत भवन नावापाली से नावापाली बीच बस्ती तक स्वीकृत रोड को उक्त विभाग द्वारा पंचायत भवन से पूर्व मिनकेतन गुप्ता के घर से प्रारंभ किया गया और पंचायत भवन से 20 मीटर बाद तक रोड को समाप्त कर दिया गया। इसी गांव में ही मड़ई टीकरा में रोड बनाया गया है जो कि आगे कोई गांव नहीं बल्कि खेत है। योजना के मुताबिक गांव से गांव जोड़ने वाली योजना का दुरूपयोग हुआ है। अनियमितता की कडी में बाराडोली से रायपाली तक 600 मीटर बने रोड में ज्यादातर पतला बालू उपयोग किया गया है वहाँ रोड की मोटाई और चौड़ाई मापदंड के प्रतिकुल है जिस कारण रोड की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। आरोप है कि यह कार्य विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से किया गया है जिससे सरकारी धन का दुरूपयोग हुआ है। भुवनेश्वर साहू ने कलेक्टर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर उपरोक्त निर्माण कार्यों की जांच कराकर अन्य विभागों के अधिकारियों से कराने का कष्ट करें ताकि शासन-प्रशासन के प्रति लोगों का भरोसा यथोचित बना रहे।

### रात भर सड़क में ही तड़फता रहा घायल

सरिया। गुरुवार रात्रि लगभग 7 बजे चंद्रपुर रोड खजुरिया तालाब के पास एक दर्दनाक घटना घटी, जहां रोज़ की तरह मेहनत मजदूरी कर घर लौट रहे मंगलू सतनामी को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल मंगलू सतनामी पूरी रात सड़क किनारे भूखे प्यासे तड़पता रहा, लेकिन किसी ने उसकी सुध नहीं ली। शुक्रवार सुबह 7 बजे जैसे ही इस घटना की जानकारी फोन के माध्यम से सुरेश इजारदार द्वारा नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल को मिली, उन्होंने बिना एक पल गंवा, तत्काल मानवीय संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का परिचय दिया। अपने साथियों. पार्षद मोती स्वर्णकार, मनोज मेंहर एवं सुरेश इजारदार के साथ स्वयं मौके पर पहुंचे और घायल की मदद के लिए पूरी तत्परता दिखाई।

डीजीपी ने कहा-युवा पीढ़ी को नशे के दलदल से निकालने सामूहिक प्रयास की जरूरत

# छत्तीसगढ़ की सीमा में नहीं घूम रहा एक भी हथियारबंद नक्सली: अरुण देव

हरिभूमि न्यूज : अम्बिकापुर

प्रदेश के डीजीपी अरुण देव गौतम ने कहा है कि प्रदेश में इक्के दुक्के छिपे हुए नक्सलियों को छोड़ दें तो एक भी शस्त्र धारी नक्सली सीमा में घूम नही रहा है। प्रदेश में अफीम की खेती पर भी उन्होंने स्थिति स्पस्ट करने की कोशिश की और स्पष्ट किया है कि पुलिस अपनी ओर से यह प्रयास कर रही है कि दूसरे राज्यों से आकर लोग भोले भाले आदिवासी ग्रामीणों की जमीन को धोखे से किराए पर लेकर उसमें गांजा, अफीम की खेती नहीं कर सके।

**खास बात**

- प्रदेश के डीजीपी ने ली रेंज स्तरीय बैठक, कानून व्यवस्था को लेकर की समीक्षा

डीजीपी श्री गौतम शनिवार को पुलिस को-ऑर्डिनेशन सेंटर में पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। शुक्रवार की देर शाम सरगुजा प्रवास पर पहुंचे प्रदेश के डीजीपी अरुण देव गौतम ने शनिवार को आईजी दीपक झा के साथ रेंज के पुलिस अधीक्षकों और राज पत्रित अधिकारियों की बैठक लेकर कानून व्यवस्था को लेकर समीक्षा की। प्रदेश के साथ ही बलरामपुर जिले में अफीम की खेती को लेकर उन्होंने कहा कि राजस्थान, बिहार और झारखंड के कुछ गिने चुने लोगों ने कुछ इलाके में खेतों को लीज पर लेकर अफीम की खेती का प्रयास किया है और कुछ स्थानों पर उसके कमर्शियल यूज के सबूत भी मिले है। अब हम लोग सतर्क है कि झारखण्ड या किसी दूसरे प्रदेश से आकर लोग भोले भाले आदिवासियों को झांसे में लेकर अफीम की खेती ना कर सके। गांजा, अफीम या किसी भी ड्रग्स की सप्लाई रोकने का काम पुलिस का है लेकिन अगर मांग तेज होती है तो तस्कर भी इसके खपाने के लिए हर तरह का प्रयास करते है। उन्होंने कहा कि सप्लाई रोकने के लिए पुलिस तो अपना काम कर ही रही है लेकिन इसके साथ ही जरुरी है कि समाज में इसकी मांग भी कम हो। यदि इसे पुलिस की समस्या मानकर छोड़ देंगे तो आने वाले समय में भारी नुकसान होगा। पहले इस प्रदेश के रास्तों का उपयोग गांजा परिवहन के लिए किया जाता था लेकिन अब इसकी खपत बढ़ी है और इससे समाज पर विपरीत असर पड़ेगा। बच्चों, युवा पीढ़ी को नशे से दलदल से बचाने के लिए समाज के हर तबके में जागरूकता अभियन चलाए जाने की जरूरत है। इसके पूर्व आईजी ने रेंज के एसपी व अन्य राजपत्रित अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में अपराध के पर्यवेक्षण व थाना स्तर पर पुलिस की कार्यप्रणाली पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान एसएसपी सरगुजा राजेश अग्रवाल, एसएसपी सूरजपुर प्रशांत ठाकुर, जशपुर एसएसपी लाल उमेद सिंह, एसपी बलरामपुर वैभव बैंकर रमनलाल, कोरिया एसपी रवि कुर्रे, एमसीबी एसपी श्रीमती रत्ना सिंह सहित सभी जिलों के एएसपी, डीएसपी मौजूद थे।




अधिकारियों से चर्चा करते डीजीपी अरूण देव गौतम।

### आईजी करेंगे कार्यों की समीक्षा

डीजीपी अरुण देव गौतम ने बताया कि रूरल डिवीजन में दूर दूर तक गांव का विस्तृत क्षेत्र है और वहां कई बार पुलिस की नजर नहीं पहुंच पाती है। इस सम्बन्ध में पुराने व्यावहारिक पुलिसंग के पुराने टूल्स पर चर्चा की गई। इसमें कुछ कमी भी पाई गई है। विशेष रूप से डीएसपी काडर का थाना स्तर पर बारीक पर्यवेक्षण होना चाहिए, अपने इलाके की उसको जानकारी होनी चाहिए। इसके बारे और अधिक सुधर करने के लिए कहा गया है। एसपी को निरीक्षण व क्षेत्र का भ्रमण करना, गांव की जानकारी रखना, कम्युनिटी से संवाद रखने के निर्देश दिए गए है। इसकी नियमित समीक्षा करने के लिए आईजी को कह गया है कि एसडीओपी के कार्यों का नियमित रूप से पर्यवेक्षण करे। इससे उम्मीद है कि थाना स्तर की कार्यप्रणाली में आने वाले समय में बेहतर सुधार होगा।

### पारदर्शी तरीके से होगी पुलिस भर्ती

पुलिस विभाग में निचले स्तर पर लगातर मिलने वाली शिकायतों व पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर डीजीपी श्री गौतम ने कहा कि आरक्षक पुलिस विभाग की रीढ़ है और अगर उनका प्रवेश विभाग में गलत तरीके से होगा तो उससे कैसे उम्मीद की जा सकती है कि वह बहुत अच्छा काम करेगा। जिसका प्रवेश भ्रष्टाचार या किसी गैर वैधानिक तरीके से होगा वो अपने सेवा काल में बेहतर काम नहीं कर सकता इसलिए मेरी मान्यता हमेशा से रही है कि पुलिस की भर्ती साफ सुथरी और पारदर्शी तरीके से होनी चाहिए। आने वाले समय में बहुत से पुलिस के पद भरे जाने है और मेरी पूरी कोशिश होगी कि किसी भी प्रकार का भ्रष्टाचार ना हो और निष्पक्ष भर्ती की जाए।

## रेल लाइन विस्तारीकरण परियोजना में देरी, पीएम को पत्र



हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

चिरमिरी-नागपुर हॉल्ट न्यू रेल लाइन विस्तारीकरण परियोजना के भूमि अधिग्रहण कार्रवाई में हो रहे अनावश्यक विलंब के संबंध में रेलवे डिवीजन बिलासपुर के पूर्व डीआरयूसीसी सदस्य अधिवक्ता विजय प्रकाश पटेल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव, रेलवे बोर्ड अध्यक्ष सतीश कुमार सहित रेलवे एवं प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों को पत्र लिखकर परियोजना को अनावश्यक विलंब से बचाने शीघ्र हस्तक्षेप किए जााने की मांग की है।

उन्होंने अपने पत्र के साथ कलेक्टर द्वारा 27 फरवरी 2026 को बिलासपुर रेलवे के उप मुख्य अभियंता को अवार्ड राशि उपलब्ध कराने के लिए लिखे पत्र की प्रतिलिपि भी संलग्र की है। अपने पत्र में पूर्व डीआरयूसीसी सदस्य अधिवक्ता श्री पटेल ने कहा कि बहुप्रतीक्षित रेल परियोजना चिरमिरी-नागपुर हॉल्ट न्यू रेल लाइन विस्तारीकरण से संबंधित समस्त औपचारिकताएं पूर्ण हो जाने के बावजूद हितग्राहियों को अभी तक अवार्ड राशि का भुगतान नहीं करने के कारण भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई जस की तस रूकी हुई है। उन्होंने कहा कि इस दिशा में मनेन्द्रगढ़ कलेक्टर कार्यालय से बार-बार उप मुख्य अभियंता रेलवे बिलासपुर को पत्र प्रेषित कर धनराशि की मांग की जा रही है, लेकिन दक्षिण-पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर के उप मुख्य अभियंता द्वारा उक्त महती रेल परियोजना को कोई तवज्जो नहीं दी जा रही है, जिससे सर्वत्र असंतोष और अविश्वास फैल रहा है।

श्री पटेल ने कहा कि जिस रेल परियोजना को वर्ष 2018 में भूमि पूजन के उपरांत 2 वर्षों में पूर्ण कर लिए जाने की सार्वजनिक घोषणा की गई थी, दुर्भाग्य का विषय है कि वह परियोजना भूमि पूजन के 9 वर्ष बीत जाने के बाद भी अधर में लटकी हुई है, जिसे लेकर श्री पटेल ने देश के प्रधानमंत्री से स्वयं हस्तक्षेप कर उपरोक्त बहुप्रतीक्षित परियोजना को अपनी दखल से शीघ्र पूरा कराए जाने की मांग की है।

## तेंदु के फल की आवक शुरु...




बैकुण्ठपुर। इन दिनों शहर के बाजार में ग्रामीण एवं जंगल क्षेत्र में मिलने वाला तेंदू फल की आवक शुरू हो गई। सीजन के फल तेंदू का स्वाद लेने हर कोई आतुर है। वर्तमान में 20 से 30 रूपए किलो के दर से बाजार में तेंदू बिक रहा।

## जंगल में महुआ बीनने गई किशोरी को हाथी ने उठाकर पटका, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

जंगल में मौजूद हाथियों के दल ने एक किशोरी को मौत के घाट उतार दिया। किशोरी जंगल में महुआ बिनने गई हुई थी, इसी दौरान उसका 22 हाथियों के दल से सामना हो गया। दाल में मौजूद हाथियों ने बच्ची को उठाकर पटक दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम द्वारा बच्ची की लाश को पीएम उपरांत परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है इसके साथ ही लोगों को जंगल में नहीं जाने की समझाइश दी जा रही है।

बता दे की बलरामपुर जिले के रामचंद्रपुर विकासखंड अंतर्गत चिनिया क्षेत्र में 22 हाथियों का दल मौजूद है, झारखंड की ओर से पहुंचा यह दल काफी आक्रामक है और पिछले 3-4 दिनों से महावीरगंज, चिनिया, सहित 5-6 अन्य गावों के आसपास विचरण कर रहा है। वन विभाग द्वारा हाथियों के मौजूदगी को देखते हुए लोगों को जंगल में नहीं जाने की समझाइश दी गई थी लेकिन सूचना के बाद भी शनिवार की सुबह एक बच्ची जंगल में महुआ बिनने चली गई थी, बताया जा रहा है कि जंगल में महुआ बिनते समय 14 वर्षीया बच्ची का सामना हाथियों के दल से हो गया। दल में शामिल हाथियों ने बच्ची को उठाकर पटक दिया जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं एक अन्य व्यक्ति ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई। मृतिका की पहचान ग्राम बरदरिया निवासी 14 वर्षीया पिंकी कुमारी आ. बंबईया के रूप में की गई है। मृतिका पिंकी कुमारी घूमने के लिए अपने रिश्तेदार के घर ग्राम चिनिया आई हुई थी। अंदाजा लगाया जा रहा है कि बच्ची को हाथी के मौजूदगी की जानकारी नहीं थी और वह जंगल में महुआ बिनने के लिए चली गई। भाग कर जान बचाने वाले व्यक्ति ने ग्रामीणों को घटना की सूचना दी। सूचना मिलने के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे इसके साथ ही वन विभाग की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची लेकिन तब तक बच्ची की मौत हो चुकी थी। वन विभाग में बच्ची की लाश को बरामद करने के साथ ही उसे पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा। पीएम उपरांत बच्ची की लाश को परिजन के सुपुर्द



### झारखंड में ले चुका है दो की जान

बताया जा रहा है कि रामचंद्रपुर क्षेत्र में बालिका को मौत के घाट उतारने वाला हाथियों का दल काफी आक्रामक है। इसी दल ने झारखण्ड में भी दो लोगों की जान ली है और अब यह दल पिछले तीन चार दिनों से क्षेत्र में भ्रमण कर रहा है। हाथियों के मौजूदगी और अब एक की मौत के बाद लोगों में दहशत का माहौल है। वन विभाग का दावा है कि उनकी टीम लगातार हाथियों के दल पर नजर रख रही है और ग्रामीणों को सुरक्षित स्थान पर भेजने के साथ ही जंगल में नहीं जाने की सलाह दी गई है। वहीं ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जंगल क्षेत्रों में हाथियों की बढ़ती गतिविधियों को देखते हुए सुरक्षा के ठोस इंतजाम किए जाएं, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

## केन्द्रीय परिवहन मंत्री नितिन से मिले युवा नेता राहुल



बैकुण्ठपुर। नई दिल्ली प्रवास के दौरान भाजपा युवा नेता राहुल खटीक ने केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से उनके दिल्ली स्थित आवास पर मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कोरिया जिले से जुड़े दो महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। राहुल खटीक ने जिले में लॉजिस्टिक पार्क की स्थापना की मांग करते हुए बताया कि इसके शुरू होने से क्षेत्र में कोल्ड स्टोरेज, शुष्क गोदाम, वितरण केन्द्र तथा वेयरहाउसिंग हब जैसी सुविधाएं विकसित होंगी। साथ ही पैकेजिंग, असेम्बलिंग, माल के त्वरित प्रसंस्करण और अन्य मूल्यवर्धित सेवाओं को बढ़ावा मिलेगा, जिससे व्यापारिक गतिविधियों में तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि इससे ई-कॉमर्स और परिवहन व्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी तथा सामान की आवाजाही अधिक सुगम और दक्ष हो सकेगी, इसके अलावा उन्होंने रायपुर-कोरबा-कटघोरा-पाली तानाखार होते हुए बैकुंठपुर तक फोर लेन सड़क निर्माण की मांग रखी। राहुल खटीक के अनुसार इस मार्ग के फोर लेन बनने से क्षेत्र की कनेक्टिविटी बेहतर होगी, दूरी कम होगी और आवागमन अधिक सुरक्षित व सुविधाजनक बनेगा। साथ ही इससे व्यापार को बढ़ावा मिलेगा और जिले में निवेश की संभावनाएं बढ़ेंगी। उन्होंने विश्वास जताया कि बेहतर सड़क और लॉजिस्टिक सुविधाओं के विकसित होने से जिले में उद्योग-धंधों को बढ़ावा मिलेगा, नए कारखाने स्थापित होंगे और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। अंत में राहुल ने कहा कि वे कोरिया जिले के विकास के लिए निरंतर प्रयास करते रहेंगे और हर स्तर पर जिले की मांगों को मजबूती से उठाते रहेंगे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### सूने घर का...

का कहना है कि मस्जिद लाइन वार्ड क्रमांक 12 में पहले भी छोटी-बड़ी चोरी की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, लेकिन अब इस तरह घर का ताला तोड़कर चोरी होना गंभीर चिंता का विषय है। लोगों ने रात में पुलिस गश्त बढ़ाने और संदिग्ध व्यक्तियों पर निगरानी रखने की मांग की है। सूत्रों के अनुसार पुलिस द्वारा मामले की जांच शुरू कर दी गई है और आरोपी की तलाश की जा रही है। यदि पीड़ति द्वारा बताए गए संदिग्ध की पुष्टि होती है, तो जल्द ही गिरफ्तारी संभव मानी जा रही है।

### आठ माह बीतने...

बीच की खाई कितनी गहरी है, यह एक ताजा उदाहरण है। पीड़िता कई महीनों से प्रशासन को आवेदन देकर न्याय की उम्मीद लगाई है। यहां तक की जनदर्शन में भी आवेदन किया, इसका भी निराकरण अब तक नहीं हो पाया है। प्रशासनिक उदासीनता से पीड़िता की न्याय मिलने की उम्मीद टूटने लगी है। पीड़िता कुमारी कृष्णा सिंह का कहना है कि मुझे बिना उचित कारण के काम से बाहर कर दिया गया है। इस मामले में प्रशासन को मैने शिकायत दिया है, इस पर प्रशासन जांच कर जो भी निर्णय दे मुझे मान्य है, लेकिन मेरे आवेदन पर अब तक किसी तरह की कोई जांच तक नहीं हुई।

### प्रतीक्षा बस स्टैण्ड...

परिसर में विभिन्न क्षेत्रों के लोग आते हैं, जिन्हें इस गर्मी में पानी की जरूरत पड़ती है तो हॉटलों का सहारा लेना पड़ता है या फिर दुकान से बोतल बंद पानी क्रय कर अपनी प्यास बुझानी पड़ रही है। यात्रियों व ग्रामीणों को ज्यादा परेशानी- शहर के प्रमुख जगहों पर नपा द्वारा मार्च बीतने के बाद अब तक प्रमुख सार्वजनिक जगहों पर निःशुल्क प्याउ की व्यवस्था नहीं होने से यात्रियों एवं ग्रामीणों को पेयजल के लिए सबसे ज्यादा परेशान होना पड़ता है। बस स्टैंड में यात्रियों को निःशुल्क प्याउ की सुविधा नहीं मिलने से हॉटलो से पानी पीने को मजबूर है, कई बार हॉटल वाले बिना कुछ खरीदी किए पानी भी नहीं देते ऐसे में मजबूरी में कुछ सामान खरीदी करना पड़ता है।

## 18वीं बटालियन के एरोबिक्स सत्र में उमड़े लोग

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

स्वस्थ मनेन्द्रगढ़ प्रसन्न मनेन्द्रगढ़ की भावना को धरातल पर उतारने के उद्देश्य से 18 वीं बटालियन मनेन्द्रगढ़ द्वारा आयोजित एरोबिक्स एवं जुम्बा सत्र रविवार को उत्साह और ऊर्जा के साथ संपन्न हुआ। स्थानीय स्व. श्री बिसातु दास महंत पार्क में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों सहित लगभग 350 से 400 प्रतिभागियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

18 वीं बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर संजय शर्मा के कुशल मार्गदर्शन और पतंजलि योग समिति के सहयोग से संचालित यह अभियान शहरवासियों के लिए बेहतर स्वास्थ्य, फिटनेस और सकारात्मक जीवनशैली का केन्द्र बन गया है। कार्यक्रम में विशेष रूप से नए आगंतुकों को एरोबिक्स के आसान और प्रभावी स्टेप्स सिखाए गए। विशेषज्ञों के अनुसार यह सत्र न केवल शारीरिक फिटनेस बल्कि मानसिक तनाव को दूर करने में भी मील का पत्थर साबित हो रहा है। प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए कमांडिंग ऑफिसर श्री शर्मा ने कहा कि मात्र 60 मिनट का एरोबिक्स या जुम्बा अभ्यास शरीर की 340 से 500 कैलोरी तक बर्न कर सकता है। यह कार्डियो-वैस्कुलर हेल्थ को सुधारने के साथ-साथ शरीर में बेहतर समन्वय स्थापित करता है, इससे एंडोर्फिन हार्मोन का स्तर बढ़ता है, जिससे मन प्रसन्न रहता है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से पुलिस और आम जनता के बीच संबंध और अधिक मजबूत होते हैं। सत्र के समापन पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले नन्हें प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। वरिष्ठ योग प्रशिक्षक सतीश उपाध्याय एवं कमांडिंग ऑफिसर संजय शर्मा ने पात्री पाटिल प्रथम, ऋसिका कश्यप द्वितीय, छविलाल, हंसिका, महक सिंह, शिवास गोस्वामी, दिव्यांश, कान्हा, सुव्रता, अक्षिका, अवन्तिका, यक्षिका, सुहाना, जानवी, प्रतीक, आरव, कार्तिक, रमन, शिबू, लिसा, हिमेश, अनमोल, समर, आर्यन, रिया और कीर्ति सहित अन्य बच्चों को वरिष्ठ योग प्रशिक्षक सतीश उपाध्याय एवं कमाडिंग आफिसर संजय शर्मा द्वारा कप एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। गौरतलब है कि यह एरोबिक्स प्रशिक्षण सत्र पूर्णतः निःशुल्क है। शहर का कोई भी नागरिक प्रत्येक रविवार सुबह 6 बजे पार्क में पहुंचकर इस स्वास्थ्यवर्धक अभियान का हिस्सा बन सकता है।



**आवश्यकता है**

स्वयंसेवी संस्था सरगुजा सेवा उन्नति संस्था को छत्तीसगढ राज्य एड्स नियंत्रण समिति रायपुर की टी आई परियोजना अंतर्गत कोरिया जिले में कार्य करने हेतु निम्नांकित पद की भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित करता है–

| क्र. | पद का नाम | योग्यता |
|---|---|---|
| 1 | ओ.आर.डब्लु पद संख्या–1 मानदेय प्रतिमाह 10500 यात्रा भत्ता–1500 | इस पद हेतु उम्मीदवार 12th पास होना अनिवार्य है, साथ ही उसे स्थानीय भाषा का ज्ञान हो। |

नोट:- 01. अपना बायोडाटा परियोजना कार्यालय में या ssus.ti.korea@gmail.com के माध्यम से जमा करें। 02. लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार दिनांक 13.04.2026 सुबह 11 बजे से। 03. साक्षात्कार के समय पर भी अपना बायोडाटा लेकर आ सकते है।

संपर्क करें :-
सरगुजा सेवा उन्नति संस्था
शगुन गार्डन, शुकला पेट्रोल पंप के पास, अम्बिकापुर रोड, बैकुण्ठपुर
जिला-कोरिया (छ.ग.) 497335
मोबाईल 08770329959, 7000588455, 07999792660
ईमेल - ssus.ti.korea@gmail.com

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
04 मई, 07 मई, 11 मई, 16 मई,
25 मई, 02 जून, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:–7354–411411

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोडों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त